**न्यायालय : सिविल जज जूनियर डिवीजन, हरिद्वार।**
उपस्थित :–विवेक सिह राणा, उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा
प्रकीर्णवाद संख्या – 53/2022
कम्प्यूटर सं0 – 26/2022
आसमा बनाम आम जनता आदि।
**सीएनआर नम्बरः UKHA04000290-2022**

आसमा पत्नी स्व0 जब्बार अली।

निवासी– ग्राम गाडोवाली थाना पथरी जिला हरिद्वार।

**...........वादी।**

**बनाम**

**1.** आम जनता।

**2.** रौनक पुत्री स्व0 जब्बार।

**3.** अख्तर पुत्र सुल्तान।

निवासीगण हाल पता– मुस्तफाबाद थाना पथरी जिला हरिद्वार।

**4.** महराज पत्नी नामालूम।

**5.** जुल्फुकार।

**6.** मोहम्मद अली।

**7.** इस्लाम।

**8.** महताब।

**9.** गुलजार।

पुत्रगण अख्तर।

निवासीगण– ग्राम अब्दुल रहीमपुर गोरधनपुर तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

**..........प्रतिवादीगण।**

| | |
|---|---|
| वादी की ओर से विद्वान अधिवक्ता | श्री जीशान आलम। |
| वाद दायर करने की दिनांक | 19.07.2022 |
| साक्ष्य प्रस्तुत करने का दिनांक | 30.01.2024 |
| बहस की दिनांक | 17.02.2024 |
| निर्णय की दिनांक | 28.02.2024 |

दिनांक 28.02.2024

## निर्णय

प्रार्थीया द्वारा हस्तगत प्रकीर्णवाद उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र हेतु योजित किया है।

**2.** प्रार्थना–पत्र के कथन संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थीया के पति का जीवन बीमा रकम एक लाख रूपये धनराशि का दिनांक 08.07.2010 को किया गया था। वादी के द्वारा ही जीवन बीमा पालिसी अपने पति के नाम करायी गयी थी एवं बीमा धनराशि की किश्त भी वादी द्वारा ही अदा की गयी थी। इसके अतिरिक्त लगातार 11 वार्षिक किश्ते भी वादी के द्वारा ही अदा की गयी है। मृत व्यक्ति की साधारण निवास स्थान या वह स्थान जहां सम्पत्ति स्थित है। मृतक जब्बार अली पुत्र अख्तर की सम्पत्ति ग्राम मुस्तफाबाद रहीमपुर गोवर्धनपुर व चल सम्पत्ति ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी नं0 आर0यू0ए0ई0ए0273741 बीमीत धनराशि 1,00,000/–रूपये जिसके आरम्भ होने की तिथि 08.07.2010 है। दिनांक 04.05.2021 को प्रार्थीया के पति का देहांत अपने ही घर पर गाडोवाली हरिद्वार उत्तराखण्ड में हुआ था। वादी की पति की ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी को वार्षिक दस किस्ते जमा हो चुकी थी। जिसके बाद प्रार्थीया के पति का देहान्त हुआ। इस प्रकार दस किस्त जमा होने के बाद वादी बीमा धनराशि प्राप्त करने का अधिकारी है। वादी के द्वारा ग्रामीण डाक जीवन बीमा निगम के अधिकारियों से सम्पर्क किया गया जिनके द्वारा सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कहा गया हैं वादी पति के उत्तराधिकारी कम में आता है और वादी को बीमित प्रमाण पत्र जारी किया जाना अति आवश्यक है। वादी के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बंध में प्रतिवादीगण 2 ता 7 को कोई आपत्ति किसी प्रकार की नही है। प्रतिवादीगण सं0 2 ता 7 के अलावा रूपा का कोई अन्य उत्तराधिकारी नही है। वादी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता पॉलिसी नम्बर आर0यू0ए0ई0ए0273741 बीमित धनराशि 1,00,000/–रूपये जिसके आरम्भ होने की तिथि 08.07.2010 के सम्बंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, जिस कारण वह हस्तगण प्रकीर्णवाद में उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र पाने का अधिकारी है।

**3.** प्रार्थीया पॉलिसी नम्बर आर0यू0ए0ई0ए0273741 बीमित धनराशि 1,00,000/– रूपये हेतु उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है।

**4.** प्रार्थीया द्वारा अपने प्रार्थना–पत्र के कथनों के समर्थन में स्वयं को बतौर साक्षी पी0डब्लू0 1 आसमा पत्नी स्व0 जब्बार कागज सं0 24क2/1 परीक्षित कराया गया। प्रार्थीया द्वारा अपने कथनों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य कागज सं0 7सी2 आधार कार्ड की छायाप्रति, कागज सं0 9सी1 मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति, कागज सं0 10सी1 ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी की प्रमाणित प्रति, कागज सं0 11सी1 आधार कार्ड की छायाप्रति, कागज सं0 12सी1 परिवार रजिस्ट्र की नकल की प्रमाणित प्रति, कागज सं0 13सी1 राशन कार्ड की छायाप्रति, कागज सं0 17क1 अखबार प्रकाशन मूल आदि प्रस्तुत किए है।

**5.** वाद की कार्यवाही दिनांक 13.09.2023 को प्रतिवादीगण के विरूद्ध एकपक्षीय रूप से अग्रसारित की गयी।

**6.** वादनी के विद्वान अधिवक्ता को पूर्व नियत तिथि पर सुना जा चुका हैं। पत्रावली का अवलोकन किया गया।

## निष्कर्ष

**7.** पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि प्रार्थीया द्वारा हस्तगत प्रार्थना–पत्र में दिवंगत जब्बार के मृत्यु उपरांत पॉलिसी नम्बर आर0यू0ए0ई0ए0273741 बीमित धनराशि 1,00,000/–रूपये प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की प्रार्थना की गयी है। प्रार्थीया/वादनी ने अपने पति की मृत्यु तिथि सिद्ध करने हेतु मृत्यु प्रमाण–पत्र की प्रमाणित कॉपी की छायाप्रति कागज सं0 9सी1 प्रस्तुत किया है, जो अखण्डनीय हैं। प्रार्थीया मृतक जब्बार के उत्तराधिकारी होने के अपने कथनो के समर्थन में मृतक जब्बार द्वारा ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी नम्बर आर0यू0ए0ई0ए0273741 बीमित धनराशि 1,00,000/–रूपये की मूल प्रति कागज सं0 10सी1 प्रस्तुत की गयी है। प्रार्थीया द्वारा स्वयं का साक्ष्य शपथपत्र बतौर पी0डब्लू0 1 प्रस्तुत किया गया है।

इसके अतिरिक्त प्रार्थीया द्वारा अपनी पहचान के सम्बंध में कागज सं0 11सी1 ता 13सी1 आधार कार्ड, परिवार रजिस्ट्र की नकल व राशन कार्ड की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किए गए है। जिससे प्रथम दृष्टया प्रार्थीया ही मृतक जब्बार की ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी में जमा की गयी धनराशि के सम्बंध में उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्रार्थीया के पक्ष में जारी किये जाने योग्य है। आदेश तदानुसार,

## आदेश

प्रार्थीया आसमा द्वारा योजित प्रार्थना पत्र कागज सं0 4ए1 अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 के अंतर्गत स्वीकार किया जाता है। मृतक जब्बार के ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी नम्बर आर0यू0ए0ई0ए0273741 बीमित धनराशि 1,00,000/–रूपये जमा किए गए है, के सम्बंध में उत्तराधिकारी प्रमाण–पत्र प्रार्थीया के पक्ष में निर्गत हो।

प्रार्थीया द्वारा अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए आवश्यक न्यायशुल्क जमा करें। इसके पश्चात ही उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र अधिनियम संख्या 39 सन् 1925 के अनुसार जारी किया जावे। प्रार्थीनी अधिनियम 1925 की धारा 375 के अनुसार इस निर्णय के उद्देश्य हेतु निर्णय में अभिलिखित समस्त धनराशि के सम्बंध में एक जमानत का बॉन्ड प्रस्तुत करे।

दिनांकः 28.02.2024 **(विवेक सिंह राणा)**
सिविल जज जूनियर डिवीजन, हरिद्वार।

यह निर्णय एवं आदेश खुले न्यायालय में मेरे द्वारा हस्ताक्षरित एवं दिनांकित कर सुनाया गया। पत्रावली आवश्यक कार्यवाही उपरान्त नियमानुसार अभिलेखागार प्रेषित की जाये।

दिनांकः 28.02.2024 **(विवेक सिंह राणा)**
सिविल जज जूनियर डिवीजन, हरिद्वार।

# FORM C

## List of Plaintiff/Defendant Witness

### A. Plaintiff witness

| RANK | NAME | NATURE OF EVIDENCE ( WITNESS OF FACT, WITNESS OF DOCUMENT, EXPERT WITNESS, OTHER WITNESS) |
|---|---|---|
| PW1 | आसमा | तथ्य के गवाह |

### B. Defendant Witness

| RANK | NAME | NATURE OF EVIDENCE ( WITNESS OF FACT, WITNESS OF DOCUMENT, EXPERT WITNESS, OTHER WITNESS) |
|---|---|---|
| | | |

## List of Plaintiff/Defendant EXHIBIT

### A Plaintiff

| SL. NO. | Exhibit Number | Description |
|---|---|---|
| 1- | कागज सं0 7सी2 | आधार कार्ड की छायाप्रति |
| 2- | कागज सं0 9सी1 | मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति |

| | | |
|---|---|---|
| 3- | कागज सं0 10सी1 | ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी की प्रमाणित प्रति |
| 4- | कागज सं0 11सी1 | आधार कार्ड की छायाप्रति |
| 5- | कागज सं0 12सी1 | परिवार रजिस्ट्र की नकल की प्रमाणित प्रति |
| 6- | कागज सं0 13सी1 | राशन कार्ड की छायाप्रति |
| 7- | कागज सं0 17क1 | अखबार प्रकाशन मूल |

## B Defendant

| SL. NO. | Exhibit Number | Description |
|---|---|---|
| | | - |

दिनांकः 28.02.2024

**(विवेक सिंह राणा)**
सिविल जज जूनियर डिवीजन, हरिद्वार।